भारत सरकार **लोक सभा**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय **अतारांकित प्रश्न सं. 3712**

वाणिज्य विभाग

<u>दिनांक 12 अगस्त, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए</u>

असम चाय को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा दिया जाना

3712. मोहम्मद रकीबुल हुसैन:

क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या असम चाय विश्व भर में प्रसिद्ध है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैं;

(ख) सरकार द्वारा असम चाय की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में हिस्सेदारी बढ़ाने और वैश्विक स्तर पर इसकी अनूठी गुणवत्ता को बढ़ावा देने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और

(ग) कमजोर विपणन कार्यनीतियों और अंतर्राष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों को पूरा करने में चुनौतियों से संबंधित समस्याएँ असम चाय को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा दिये जाने को किस प्रकार प्रभावित करती हैं?

उत्तर

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री जितिन प्रसाद)

(क): असम चाय अपने विशिष्ट स्वाद, चटपटे पेय और तेज़ तीखेपन के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित है, जो इसे दुनिया भर में सबसे अधिक मांग वाली ब्लैक टी में से एक बनाता है। "असम ऑर्थोडॉक्स" चाय को भौगोलिक संकेतक (जीआई) का दर्जा दिया गया है, जो इसकी विशिष्ट उत्पत्ति-संबंधी विशेषताओं वाली एक प्रीमियम चाय के रूप में पहचान को और पुष्ट करता है।

(ख) और (ग): चाय बोर्ड नियमित रूप से घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों बाजारों में असम चाय सहित भारतीय चाय का संवर्धन करता है। असम चाय सहित भारतीय चाय का जेनरीक संवर्धन, चाय बोर्ड द्वारा विभिन्न घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय प्रचार कार्यक्रमों, मेलों और प्रदर्शनियों में भागीदारी करने, ब्रांडिंग, चाय चखने और चाय के नमूने लेने संबंधी क्रियाकलापों और विदेशों में विभिन्न भारतीय मिशनों के माध्यम से किया जाता है। इसके अतिरिक्त, चाय बोर्ड नियमित रूप से पादप संरक्षण संहिता (पीपीसी) प्रकाशित करता है और गुणवत्ता अनुपालन के लिए विनिर्माण इकाइयों और गोदामों का नियमित दौरा और निरीक्षण भी करता है।

******